भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 16.09.2024

## आरेडिका में स्वच्छता अभियान 4.0 की कल से शुरूआत

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान 4.0 को सफल बनाने एवं जन भागीदारी को बढ़ाने के लिए वृहद स्तर पर अभियान कल से चलाया जाएगा। अभियान की शुरूआत आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता शपथ ग्रहण के साथ होगी। स्वच्छता शपथ के उपरान्त सभी शॉपों कार्यालयों एवं आवासीय परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में सभी रेलवे परिवार के सदस्य एवं आस–पास के लोग सहभागिता करेंगे।

12 सितंम्वर गुरूवार को इस विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 की प्रारम्भिक तैयारियों की समीक्षा हेतु रेलवे बोर्ड की सचिव अरुणा नायर ने बैठक की और बैठक के दौरान स्वच्छता में सुधारों पर जोर दिया गया। यह कार्यक्रम तीन चरणों में चलाया जाएगा जिसमें प्रथम चरण 17.09.2024 से 02.10.2024 तक एवं द्वितीय चरण 02.10.2024 से 31.10.2024 तक तथा तृतीय चरण 01.11.2024 से 15.11.2024 तक चलेगा।

रेलवे बोर्ड द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए 150 नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी को बढाने के लिए अभियान चलाकर आस–पास के ग्राम–पंचायतों को स्वच्छता चौपालों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा।

स्वच्छता अभियान 3.0 के दौरान भी आरेडिका ने खाली जगहों की सफाई एवं वृक्षारोपण, स्क्रैप निपटान से प्राप्त राजस्व, जन शिकायतों एवं अपीलों के निपटान, कार्बन फुटप्रिन्ट में कमी जैसे मानदण्डों पर आरेडिका रेलवे के सभी प्रमुख शीर्ष प्रदर्शन करने वाले संस्थाओं में से एक है। इस अभियान में भी आरेडिका भारत सरकार के कदम से कदम मिला कर चल रहा है।

16.9.2024
(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी